फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

मांगीलाल पिता खुमा जी भील निवासी बडी का खेड़ा वगैरा
बनाम
गोपी पिता हीरा भील निवासी बडी का खेड़ा वगैरा

प्रकरण संख्या 04/2018 (रा.प्रा.पत्र)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.11.22	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण अनुपस्थित। रूक–रूक कर तीन चार बार आवाजें लगवाने पर भी प्रार्थीगण तथा उसके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अधिवक्ता प्रार्थीगण द्वारा दिनांक 09.01.2019 के पश्चात् से आदिनांक तक विपक्षीगण की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है जबकि इस हेतु उन्हें कई बार निर्देशित किया गया है तथा अधिवक्ता प्रार्थीगण प्रकरण में दिनांक 04.08.2022 से अनुपस्थित चल रहे हैं। अधिवक्ता प्रार्थीगण को दिनांक 04.08.2022 को नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु न्यायहित में अन्तिम अवसर देने के बावजूद भी दिनांक 25.08.2022 को न्यायहित में एक अतिरिक्त अवसर ओर नोटिस प्रोसेस पेश करने हेतु दिया गया किन्तु उनके द्वारा आदिनांक तक नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है तथा आज भी उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः अब प्रकरण आदेश 09 नियम 05 सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।	